गुजरात राज्य में स्थित केंद्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों के नियमित कर्मचारियों के लिए राज्य स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद द्वारा विगत 6 जून 2022 को "**आजादी का अमृत महोत्सव**" समारोह के भाग के रूप में, गुजरात राज्य में स्थित सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) के अंतर्गत केंद्रीय सरकारी कार्यालयों के सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्रीय (गुजराती), हिंदी तथा अंग्रेजी समाचार-पत्रों में विज्ञापन एवं कार्यालय के वेबसाइट पर भी इसकी सूचनी दी गई थी, ताकि अधिकाधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी इसमें प्रतिभागिता कर सकें। निबंध का विषय था: "**आज के आत्मनिर्भर भारत में हिंदी का महत्व**"। अहमदाबाद नराकास समिति क्षेत्र में किसी कार्यालय द्वारा यह राज्य स्तरीय प्रयास सर्वप्रथम है। इस निबंध प्रतियोगिता में तीनों भाषा क्षेत्रों की अलग-अलग श्रेणियां बनाई गईं थीं। निबंध प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 103 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। यह प्रविष्टियां गुजरात राज्य के 35 भिन्न-भिन्न कार्यालयों के कार्मिकों की ओर से प्राप्त हुईं थीं। उपरोक्त निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को 12 अगस्त 2022 विक्रम जयंती के अवसर भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद मुख्य परिसर में आमंत्रित किया गया था। सभी विजेताओं द्वारा डॉ. विक्रम साराभाई को माल्यार्पण किया एवं साथ ही वृक्षारोपण भी किया। इसके पश्चात उन्हें स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र सहित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से यह दर्शाया गया कि विश्व भर में बोली जाने वाली भाषाओं में **"भारतीय मूल के शब्द"** कितनी सरलता से समाहित हुए हैं, एवं उन शब्दों को विश्व के विभिन्न देशों में उनके भाषाओं के अनुसार प्रचलित बोलियों में उपयोग किया जा रहा है। इन विजेताओं के लिए भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के कुछ लैब के परिभ्रमण की भी व्यवस्था की गई थी। वे विक्रम साराभाई जयंती पर विशेष मध्याह्न भोज पर सादर आमंत्रित थे। गुजरात के विभिन्न स्थानों से आए हुए विजेताओं ने भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के इस प्रयास को बहुत सराहा एवं उन्होंने ने अपनी ओर से लिखित पत्र में भी इसे अंकित किया है। इस निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में आजादी का अमृत महोत्सव समिति सदस्यों का मार्गदर्शन एवं सहयोग तथा पीआरएल के अन्य सदस्यों का प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग प्राप्त हुआ है।

निबंध प्रतियोगिता के विभिन्न विजेताओं की सूची निम्नानुसार है:

क्रमांक	कर्मचारी/अधिकारी	कार्यालय/संस्थान
	"क" भाषा क्षेत्र	
1.	राजदीप	केंद्रीय नमक एवं समुद्री एवं रसायन अनुसंधान संस्थान, भावनगर
2.	जगदम्बा प्रसाद सिंह	सैक, अहमदाबाद
3.	मनिता	प्रधान आयुक्त कार्यालय, सीमा शुल्क, अहमदाबाद
4.	अंकिता पटेल	पीआरएल, अहमदाबाद
5.	कपिल कुमार भारद्वाज	पीआरएल, अहमदाबाद
	"ख" भाषा क्षेत्र	
1.	रुकसाना घांची	आइसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑक्यूपेशनल हेल्थ, अहमदाबाद
2.	विवेक जटनिया	न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पोरबंदर
3.	भावेश वाघेला	आइसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑक्यूपेशनल हेल्थ, अहमदाबाद
4.	विधि जटनिया	कैनरा बैंक, राजकोट
5.	धर्मेंद्र भट्ट	पश्चिम रेलवे, साबरमती
	"ग" भाषा क्षेत्र	
1.	बी.एन. शर्मा	सैक, अहमदाबाद
2.	स्नेहा नायर	पीआरएल, अहमदाबाद
3.	तनुश्री बैनर्जी	न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अहमदाबाद
4.	इंद्रनील मिश्रा	सैक, अहमदाबाद
5.	विजिता नायर	आइ.आइ.एम. अहमदाबाद

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्लेटिनम जयंती 1947 2022 PLATINUM JUBILEE

विक्रम जयंती (12-अगस्त-2022) पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह की झलकियां